सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 357
10/04/2026

बीएसएलएसए टीम ने सहारा वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण किया
15 दिनों में सभी वरिष्ठ नागरिकों को आधार से जोड़ने का निर्देश

पटना, 10 अप्रैल 2026 :– सीनियर सिटिजन्स के अधिकारों को मजबूत करने और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से बिहार स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (बीएसएलएसए) की उच्चस्तरीय टीम ने पटना के गुलजारबाग स्थित सहारा ओल्ड एज होम का निरीक्षण किया। टीम में बीएसएलएसए के मेंबर सेक्रेटरीए जॉइंट सेक्रेटरीए रजिस्ट्रार और असिस्टेंट रजिस्ट्रार शामिल थे। निरीक्षण के दौरान टीम ने वृद्धाश्रम में रह रहे लगभग 100 सीनियर सिटिजन्स से सीधा संवाद कियाए जिनमें 39 पुरुष और 61 महिलाएं शामिल हैं। टीम ने यहां रहने वाले बुजुर्गों से उनके रखरखावए स्वास्थ्य स्थिति और अन्य समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। दिनांक 04 अप्रैल 2026 को बिहार स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (बीएसएलएसए) की टीम द्वारा यह निरीक्षण किया गया था।

बीएसएलएसए की टीम ने वृद्धाश्रम प्रबंधन को निर्देश देते हुए कहा कि यहां रहने वाले सभी सीनियर सिटिजन्स को 15 दिनों के अंदर आधार कार्ड से जोड़ दिया जाए। इसके लिए एक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ हीए हर व्यक्ति तक वृद्धा पेंशनए आयुष्मान भारत योजना और पीडीएस राशन का लाभ पहुंचाने के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार करने को भी कहा गया है।

टीम ने पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर विशेष जोर देते हुए डाइट मानक में सुधारए नियमित चिकित्सक दौरे बढ़ाने और मेडिकल सुविधाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए। इसके अलावाए वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए नियमित लीगल एड शिविर आयोजित करने और स्थायी वकील की नियुक्ति करने पर भी बल दिया गया।

बीएसएलएसए की टीम ने वृद्धाश्रम प्रबंधन को सीनियर सिटिजन्स की सुरक्षाए स्वास्थ्यए सम्मान और समग्र कल्याण सुनिश्चित करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप बनाने का निर्देश दिया।

....